



MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 158 | ग्वालियर,17 फरवरी शनिवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## बसें ठप, बाजार-स्कूल बंद, धरना स्थल में बदले टोल प्लाजा, किसानों के भारत बंद का कैसा रहा असर

न्यूनतम समर्थन मूल्य संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद आह्वान के मद्देनजर पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं. इसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई.राज्य में कई स्थानों पर बाजार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे. किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में नेशनल हाईवे को अवरुद्ध कर दिया. उन्होंने अपनी मांगें नहीं मानने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. हरियाणा के हिसार में, हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने भारत बंद का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं.

**टोल प्लाजा पर धरना दिया**-भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से टोल टैक्स न वसूलने के लिए दबाव डाला. भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने किसानों की मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में विरोध प्रदर्शन में भाग लिया. बीकेयू , बीकेयू , बीकेयू




, बीकेयू और कीर्ति किसान यूनियन सहित कई किसान संगठन बंद में हिस्सा ले रहे हैं.

**पंजाब रोडवेज ने क्यों किया समर्थन**-पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बंद के आह्वान का समर्थन कर रहे हैं. वे केंद्र के प्रस्तावित हिट-एंड-रन कानून का विरोध कर रहे हैं. प्राइवेट बस संचालक भी बसें नहीं चला रहे हैं.

**लोगों को हुई परेशानी**-कई बस अड्डों पर यात्री अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते दिखे. बसों की अनुपलब्धता के कारण मुख्य रूप से छात्रों और ऑफिस जाने वालों को असुविधा हुई.पटियाला बस स्टैंड पर कॉलेज छात्र ने कहा कि उसे लांडरां रोड जाने के लिए कोई बस नहीं मिली. एक सरकारी कर्मचारी ने कहा कि उसे काम के लिए मोहाली जाना था लेकिन कोई बस उपलब्ध नहीं है. जालंधर जाने के लिए अमृतसर बस स्टैंड पर खड़ी एक महिला यात्री ने कहा कि वह 30 मिनट से अधिक समय से बस का इंतजार कर रही है. जीरा की रहने वाली सतबीर कौर (32) ने कहा कि वह बंद के कारण अपने कार्यालय नहीं जा सकीं. उन्होंने कहा, %मैं हर दिन जीरा से फिरोजपुर तक यात्रा करती हूं लेकिन आज कोई बस उपलब्ध नहीं थी इसलिए मुझे छुट्टी लेनी पड़ी.

## किसान की मौत, भारत बंद और किसानों संग बैठक के प्लान के बीच आया कृषि मंत्री का बयान

जानें क्या बोले अर्जुन मुंडा

न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित अलग-अलग मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की बैठक गुरुवार को हुई. पांच घंटे तक चली इस बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला. अब अगले दौर की बैठक रविवार को होगी. इस बीच केंद्रीय मंत्री कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसान आंदोलन को लेकर कहा कि किसी भी समाधान को बातचीत से सुलझा सकते हैं.

**क्या बोले कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा**-कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा, ÷हमारे देश के किसान हमारे परिवार के हैं और उनके लिए जो हो सकता है हम वो काम कर रहे हैं. हम बातचीत का दौर जारी रखेंगे,




जब तक कोई समाधान न निकल जाए.÷ कृषि मंत्री आगे बोले, ÷तीसरी दौर की बातचीत हुई है, हमने सब विषयों पर चर्चा की और किसानों की मांगों को सुना. हम किसान संगठन के साथ बातचीत कर रह हैं इसे राजनीतिक दृष्टि से न देखें और अगर कांग्रेस इसे राजनीतिक दृष्टि से देख रही है तो वह अपना टाइम भी याद करे जब उनकी सरकार तब उन्होंने क्या किया.÷

**अब तक सारी बैठक बेनतीजा रहा**-इस बीच किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर डटे रहने का निर्णय किया है. किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच गुरुवार रात करीब 8¬45 बजे बैठक शुरू हुई

### क्राइम सिटी बना इंदौर! अकेली डॉक्टर देख लूटी चेन, 24 घंटे में भी पुलिस के हाथ खाली

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक महिला डेंटिस्ट से उसके घर के नजदीक लूट करने वाले आरोपियों की पुलिस अब तक खोजबीन नहीं कर सकी है. घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जबकि पूरी वारदात घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी. मामले में पुलिस का कहना है कि लुटेरों के चेहरे साफ नहीं हैं. इसलिए उनकी पहचान करना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा है.दरअसल, बुधवार देर रात लसूड़िया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर इलाके में दो बाइकर्स ने डेंटिस्ट पूजा गुप्ता के साथ चेन लूट की वारदात को तब अंजाम दिया, जब वे अपने क्लिनिक से घर लौट रही थीं.

## अवैध कारोबार रोकने के दावे खोखले नर्मदा जयंती पर जीतू पटवारी ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के मामले को उठाया है. पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी में रेत का अवैध कारोबार रोकने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की मिलीभगत के बगैर इतने बड़े पैमाने पर कोई भी संगठित अपराध नहीं किया जा सकता. साथ ही उन्होंने बीजेपी नेताओं को संकल्प लेने की नसीहत भी दी है.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया के अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि आज (16 फरवरी) नर्मदा जयंती है. मध्य प्रदेश की जीवन रेखा और पुण्य सलिला के पूजन अर्चन का एक ऐसा विशेष दिवस है, जो भाव और भक्ति से सराबोर रहता है. इस अवसर पर में बीजेपी सरकार के संज्ञान में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण तथ्य सामने लाना चाहता हूं, जो अनिवार्य प्राथमिकताओं में सदैव शीर्ष पर होने चाहिए. मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी में रेत का अवैध कारोबार रोकने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं. रेत माफियाओं के आगे शासन की कार्रवाई कारगर साबित नहीं



हो रही है. पिछले दिनों पवित्र ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के समीप नृसिंह कुंड से लेकर बिल्लौरा तक रेत माफिया नर्मदा नदी में पनडुब्बी मशीनें लगाकर रेत का अवैध उत्खनन करते पकड़े गए.

**अवैध रेत खनन को लेकर जीतू पटवारी ने बीजेपी पर लगाया आरोप**-पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि हालात ऐसे हो गए कि रेत निकालने के लिए पाइप लाइन तक डाल दी गई. अनेक कश्तियों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार किया जाता रहा. रेत पनडुब्बी मशीन से नदियों की तलहटी से अवैध रूप से रेत निकाली गई. उन्होंने लिखा कि नेशन ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) कोर्ट ने नर्मदा नदी में रेत उत्खनन करने के किसी भी प्रकार की मशीन पोकलेन, पनडुब्बी, बुलडोजर पर रोक लगा रखी है. बिना पर्यावरणीय मंजूरी के रेत निकालना अवैध है. इसके बावजूद एनजीटी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मध्य प्रदेश के अधिकांश नर्मदा किनारों से खुलेआम पनडुब्बी मशीनों से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है.जबकि सरकार ने भी मशीनों से रेत उत्खनन पर रोक लगाई है. राज्य सरकार की तरफ से मध्य प्रदेश रेत खनन परिवहन भंडारण और व्यापार नियम 2019 में संशोधन की अधिसूचना में इसके प्रावधान किए हैं. नए नियमों में नर्मदा नदी में मशीनों से रेत उत्खनन कार्य नहीं किया जा सकता है. ताकि नर्मदा नदी में जैव विविधता बरकरार रहे. लेकिन सच्चाई कभी भी और कहीं भी अच्छी और समझी जा सकती है. बहुत स्वाभाविक है कि शासन और प्रशासन की मिलीभगत के बगैर इतने बड़े पैमाने पर कोई भी संगठित अपराध पूरा नहीं किया जा सकता. आस्था में डूबे और सोशल मीडिया के जरिए बधाई देने वाले बीजेपी नेताओं को नर्मदा जयंती पर आज ही यह संकल्प लेना जरूर चाहिए कि पुण्य सलिला के अविरल प्रवाह के लिए वे प्रभावी प्रयास जरूर करेंगे. मां नर्मदा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करें.

## उज्जैन में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को नोटिस, क्या चलेगा बुलडोजर?

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शहर उज्जैन में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस दे दिए गए हैं. 300 से ज्यादा अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिन पर आने वाले दिनों में कार्रवाई होगी. नगर निगम ने इस कार्यवाही को सिंहस्थ 2028 की तैयारी से जोड़कर बताया है.उज्जैन में सिंहस्थ की भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत कोई नई नहीं है. हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ मोहन यादव ने सिंहस्थ की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिंहस्थ 2028 को ऐसा धार्मिक आयोजन के रूप में ले रहे हैं जिसे देखने विश्व भर के लोग आए और यह आयोजन मिसाल बन जाए. उज्जैन नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने कहा कि उज्जैन में 300 ऐसे अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं जो कि सिंहस्थ की भूमि पर है या सरकारी भूमि पर बिना अनुमति बनाए गए हैं. ऐसे निर्माण कार्यों को तोड़ने से पहले नोटिस जारी कर दिए गए हैं. अब सिंहस्थ 2028 तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.



**सिंहस्थ में आएंगे 12 करोड़ श्रद्धालु**-नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि श्रृंगार्ट 2018 में 12 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना है. इसी को देखते हुए व्यापक पैमाने पर तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है. एक तरफ जहां नगर निगम इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी चल रही है, ताकि सिंहस्थ को सफलतापूर्वक निपटने में जमीन की कमी ना हो. सिंहस्थ की भूमि पर पिछले कई दशक से लगातार आतिक्रमण चल रहा है, जिसे अब सख्ती के साथ हटाया जाएगा.

## मछुआरों की याचिका पर कोर्ट ने मांगा राज्य सरकार से जवाब, ओंकारेश्वर सोलर प्लांट से जुड़ा है मामला



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में खंडवा जिले की दुनिया की सबसे ब?ी ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना को चुनौती दी गई है. मछुआरों के आवेदन पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने सोलर प्लेट लगाने के काम को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है. इसके साथ ही राज्य सरकार और प्रोजेक्ट कंपनी रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है.दरअसल, मां सातमाता सैलानी मत्स्योद्योग सहकारी समिति और मां काजल रानी विस्थापित आदिवासी मछुआरा सहकारी समिति खंडवा की ओर से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच में एक याचिका दायर की गई है. याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार की तरफ से ओंकारेश्वर बांध पर 600 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है. इसका काम केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड कंपनी को दिया गया है.

**याचिका में क्या कहा गया**-याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्रेयस पंडित ने तर्क दिया कि परियोजना के तहत ओंकारेश्वर जलाशय पर सोलर प्लेट्स बिछाई जा रही हैं. इसके कारण मछली पक?कर जीवन यापन करने वाले मछुआरों की आजीविका समाप्त हो रही है. जलाशय पर सोलर प्लेट्स बिछने के बाद मछुआरों का जीवन यापन मुश्किल हो जाएगा. इसको देखते हुए मछुआरों को परियोजना में स्थाई नौकरी दी जाए. प्रारंभिक सुनवाई के बाद एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है.यहां बताते चलें कि दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट मध्य प्रदेश के खंडवा जिला में ओंकारेश्वर डैम पर बनाया जा रहा है. यह सोलर पावर प्लांट लगभग 12.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में नर्मदा के बैकवाटर पर फ्लोटिंग नजर आएगी. इस सोलर प्लांट से लगभग 600 मेगावाट बिजली उत्पादन का प्लान है.

## जबलपुर में कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष के लिए घमासान, भोपाल में पार्टी नेतृत्व लेगा फैसला

मध्य प्रदेश के जबलपुर में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और नगर अध्यक्ष का चयन कांग्रेस ने फिलहाल टाल दिया है. जबलपुर लोकसभा सीट के प्रभारी और पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे गुरुवार (15 फरवरी) को स्थानीय नेताओं से रायशुमारी के बाद बिना कोई फैसला लिए वापस लौट गए. कहा जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर देखते हुए अब इन दोनों पदों के लिए फैसला भोपाल में पार्टी नेतृत्व लेगा. नगर सत्ता में विपक्षी होने के बाद कांग्रेस में अब नेता प्रतिपक्ष और नए नगर अध्यक्ष के चयन को लेकर जमकर घमासान मचा हुआ है. महापौर समेत कई नेताओं के बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी में अंदरूनी कलह मची हुई है. इसके कारण प्रदेश संगठन पर डैमेज कंट्रोल के साथ कार्यकर्ताओं का मनोबल मजबूत करना और आगामी लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का दबाव बना हुआ है.इन्हीं तमाम बातों को लेकर गुरुवार को पीसीसी के निर्देश पर जबलपुर लोकसभा प्रभारी सुखदेव पांसे शहर प्रवास पर पहुंचे. नेता प्रतिपक्ष को चुनने के लिए उन्होंने कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई थी. ऐसा



माना जा रहा था कि इस बैठक में वोटिंग के आधार पर नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा. इसके लिए पांसे ने कांग्रेस के सभी 30 पार्षदों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके प्रेजेंटेशन सुने.वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के पार्षदों ने सुखदेव पांसे के साथ चयन समिति के सदस्यों के सामने स्पष्ट तौर पर कह दिया कि उनके नेता (विधायक और पूर्व विधायक) जो तय करेंगे, वही उनका अभिमत होगा. इसलिए अब कहा जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष का चयन जिले के इकलौते कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया और पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत के पाले में पहुंच गया है. यह दोनों ही कमलनाथ खेमे के करीबी बताए जाते हैं. माना जा रहा है कि अब फैसला कमलनाथ दरबार में होगा.

**शहर अध्यक्ष को लेकर मची खींचतान**-कांग्रेस पार्षदों की बैठक के बाद सुखदेव पांसे ने वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक भी ली. इसमें नए शहर अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी हुई लेकिन यहां भी जमकर खींचतान मची रही. बैठक में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव, नीलेश अवस्थी, विभाष जैन और अभिषेक चौकसे चिंटू मौजूद रहे.

## उज्जैन में महाशिवरात्रि पर महाकालेश्वर मंदिर में रहेंगे ये इंतजाम, लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

महाकालेश्वर मंदिर में चलने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान सुबह नौ बजे से एक बजे तक भगवान महाकालेश्वर का विशेष पूजन और वस्त्र धारण कराए जाने का क्रम चलेगा. इसके बाद प्रतिदिन विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे. महाकालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष और उज्जैन के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस बार पुराने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए और भी बेहतर इंतजाम किए जाने का लक्ष्य रखा गया है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए देखते हुए अतिरिक्त बल लगाया जाएगा. इसके अलावा स्वास्थ्य और पार्किंग के भी विशेष प्रबंध किए गए हैं.

**पिछले साल जैसी ही रखी जाएगी दर्शन व्यवस्था**-कलेक्टर ने बताया कि पिछले वर्ष जैसी ही दर्शन व्यवस्था रखी जाएगी. बैठक में श्रद्धालुओं की प्रवेश तथा निर्गम व्यवस्था, भस्मार्ती में श्रद्धालुओं के प्रवेश संबंधी व्यवस्था, पुजारी/पुरोहित/साधु-संतों/मीडिया कर्मियों की प्रवेश व्यवस्था, महाकालेश्वर मंदिर में आगंतुक श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उज्जैन शहर में



चारों ओर से आने वाले मार्गो के चयनित स्थानों पर अस्थाई रूप से वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जानी है.

**मंदिर में प्रवेश के लिए इस द्वार को किया जाना है निर्धारित**-इसके लिए दो दर्जन से ज्यादा स्थान का चयन किया गया है जो की महाकालेश्वर मंदिर के करीब है. महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के सरल-सुलभ दर्शन की प्रस्तावित व्यवस्था में श्रद्धालु नृसिंह घाट तिराहे पर स्थित गंगौत्री गार्डन से मंदिर में प्रवेश हेतु द्वार निर्धारित किया जाना है. आगंतुक समस्त श्रद्धालु उक्त द्वार से प्रवेश कर चारधाम मंदिर पानी की टंकी वाले मार्ग से त्रिवेणी संग्रहालय की ओर त्रिवेणी संग्रहालय, नंदी मण्डपम्, महाकाल महालोक, मानसरोवर भवन में प्रवेश करेंगे.

इसके बाद फेसेलिटी सेंटर-1, नवीन टनल, कार्तिक मण्डपम् , गणेश मण्डपम् से बाबा महाकाल के दर्शन कर सकेंगे. दर्शन उपरांत द्वार नंबर 10 तथा आपातकालीन निर्गम द्वार, बड़ा गणेश मंदिर, बड़ा गणेश मंदिर से दाहिनी ओर पुराने अन्नक्षेत्र से हरसिद्ध पाल के रास्ते बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे.

# थाना पावई पुलिस ने अपहृता को 24 घण्टे के अंदर दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार कर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा एसडीओपी अटेर के मार्गदर्शन में नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयावी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है।दिनांक 14/02/24 को फरियादी ने थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि दिनांक 13/02/24 के समय करीबन रात्रि के 11 बजे की बात होगी मेरी लडकी लेट्रिन करने घर के बाहर बनी लेट्रिन में गई थी फिर मेरी लड़की लौटकर नहीं आई यह बात मुझे मेरी पत्नी ने बताई फिर मैंने थाने जाकर रिपोर्ट की। फरियादी की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 08/24 धारा 363 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना अपहृता को 24 घण्टे के अंदर दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया बाद आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय के आदेश से न्यायिक हिरासत में भेजा गया।उक्त उल्लेखनीय कार्य में उपनिरीक्षक आलोक सिंह तोमर,एएसआई कप्तान त्यागी,संध्या दीक्षित,आरक्षक हरीश शाक्य,बासुदेव सिंह,मनीष कुमार,पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा, रवि कुमार,इन्द्रपाल सिंह,सायवर सेल एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक महेश,आरक्षक आनंद दीक्षित,राहुल यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा युवा चौपाल एवं यूथ कनेक्ट से संबधित बैठक संपन्न हुई



भिंड/ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अपने 10 वर्ष पूरे कर रही है इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा देश की युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए युवा चौपाल एवम यूथ कनेक्ट कार्यक्रम करने जा रहा है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदरणीय श्री विष्णु दत्त शर्मा जी के निर्देशानुसार एवं भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री तेजस्वी सूर्य की तथा मध्य प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार जी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा भिण्ड के जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्री विक्रांत सिंह कुशवाह जी के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष जी द्वारा बताया गया कि युवा मोर्चा प्रदेश भर में 15 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 तक प्रदेश भर में ग्राम पंचायत शक्ति केंद्र व वार्ड स्तर पर 30000 से ज्यादा स्थान पर युवा चौपाल के कार्यक्रम आयोजित करेगा द्य जिसमें 18 से 35 वर्ष के 11 लाख 50 हजार युवाओं को जोड़ा जाएगा युवा चौपाल के कुशल के लिए भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश भर में 30000 से अधिक विस्तार को की नियुक्ति करेगा प्रत्येक आयोजन में कम से कम 50 यूवाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करनी है इसके साथ ही 2024 के चुनाव हेतु भाजपा के संकल्प पत्र के लिए कम से कम 10 लाख युवाओं से सुझाव लेना हैं इसमें दो स्तर पर कार्य शाला आयोजित होगी जिला स्तर एवम मण्डल स्तर द्य बैठक में सभी जिला पदाधिकारी एवम मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे

# हत्या करने वाले दो इनामी बदमाश 24 घन्टे में ऊमरी पुलिस की गिरफ्त में



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में दिनांक 13/02/2024 को ग्राम नदोरी में हुई हत्या के 5 - 5 हजार रुपये के इनामी आरोपियों को ऊमरी पुलिस ने किया गिरफ्तार ।14/02/2024 की रात्रि में फरियादी समरजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह भदौरिया उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नदोरी द्वारा रिपोर्ट की कि दिनांक 13/02/2024 को रात्रि समय करीब 08.30 बजे मै अपने पडौसी, भाइयों तथा अपने बाबा कोक सिंह भदौरिया के साथ घर के चबूतरे पर बैठा था, तभी गांव के दो व्यक्ति गाली गलौज करने लगे जिन्हे हम लोगों ने गाली देने से मना किया तो उक्त दोनो व्यक्ति झगडने लगे तभी एक व्यक्ति ने मेरे बाबा कोक सिंह को जान से मारने की नियत से ईट का टुकडा फेंककर मारा जो बाबा कोक सिंह की नाक में लगा खून निकल आया और बाबा को खून की उल्टी हो गई जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिण्ड लेकर गये जहां मेरे बाबा कोक सिंह की मृत्यु हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपीगणों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 33/2024 धारा 294,302,336,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 - 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। तथा आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर लगातार दविश दी गई। दिनांक 15/02/2024 को प्रकरण के दोनो आरोपियों आरोपी दीपक पुत्र दिनेश सिंह भदौरिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम नदोरी थाना उमरी जिला भिंड और पिंटू उर्फ मनमोहन पुत्र शत्रुघ्न सिंह भदौरिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम नदोरी थाना उमरी जिला भिंडको ग्राम नदोरी से गिरफ्तार किया गया।हत्या में प्रयुक्त आलाजरर जप्त किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक राजवीर सिंह यादव, आशीष तिवारी,मयंक दुबे,आरक्षक धर्मपाल सिंह परिहार,राहुल तोमर,भानु प्रताप सिंह,विमल भदौरिया,प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# प्रभु ने यह शरीर उपासना के लिए ही दिया है-परम् पूज्य रमाकांत महाराज जी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह- प्रभु ने यह शरीर उपासना के लिए ही दिया है।यह बात कथावाचक परम् पूज्य पंडित रमाकांत महाराज जी ने दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक स्थल मां रणकौशला देवी मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही।उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया।इनके पिता का नाम महर्षि कर्दम व माता का नाम देवहूति था। शरशय्या पर पड़े हुए भीष्म पितामह के शरीर त्याग के समय वेदज्ञ व्यास आदि ऋषियों के साथ भगवान श्री कपिल मुनि जी भी वहां उपस्थित थे। भगवान कपिल मुनि जी सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं।श्री गुरू भगवान कपिल महामुनि जी भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक हैं।बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भाग लेने पहुंच गईं।यज्ञ में भगवान शिव का आमंत्रण और उनका भाग न दिए जाने पर कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया।उन्होंने कहा कि मानव जीवन को धन्य करने के लिए भगवान का ध्यान सबको करना चाहिए।आप निष्काम हों,या बहुत सी कामनाएं आपके मन में भरी हों।मनुष्य मात्र को श्रीहरि की उपासना करनी ही चाहिए,क्योंकि यह शरीर उपासना के लिए ही प्रभु ने दिया है।प्रभु की भक्ति के लिए उम्र की भी कोई बाध्यता नहीं हो सकती है।कथावाचक परम् पूज्य रमाकांत जी महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह ध्यान जरूर रखना चाहिए कि वहां आपका,अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो।यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए।माता सती ने भी भगवान शिव की बात नहीं मानी थी, अपमानित होने के कारण उन्हें स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया,जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया।परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है।भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है।भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए,क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है।आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 जनवरी 2024 को माँ जगतजननी रणकौशला देवी के जन्मोत्सव के चलते श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मन्दिर परिसर में किया जा रहा है।जिसमे कथा का रसपान कथाव्यास परम् पूज्य पंडित रमाकांत जी महाराज के द्वारा श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जा रहा है।वहीं इस बार पारीक्षत बनने का सौभाग्य तहसीलदार अमित दुबे के माता पिता राधामोहन दुबे-श्रीमती रेखा दुबे को प्राप्त हुआ है।चरण सेवक के रूप में अमित दुबे( तहसीलदार) व उनकी पत्नी दिव्या दुबे( उप पुलिस अधीक्षक)को अवसर मिला है।

# पेंशनर संघ ने श्रीमती शेख के निवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि..



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
टांडा बरुड़। यहाँ गत दिवस शासकीय सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमति बेगम शेख का निधन हो गया इस बात की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला खरगोन के कार्यकारी प्रंताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इजि. राधेश्याम पाटीदार, इजि.अशोक मेहता, राजेंद्र तिवारी, विजय कुमार बडोले, रघुनंदन मालवीया , तेजकरण गुप्ता, विक्रम सिंह मंडलोई, अब्दुल सत्तार आदि उनके निवास पर पहुंचे जहाँ श्रीमती शेख के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की व परिवार जन को शोक पत्र देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की चित्र पेंशनर एसोसिएशन टीम द्वारा परिवारजन को शोक पत्र देते हुए।

# विशाल कलश यात्रा के साथ भागवत सप्ताह शुभारंभ

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**
गोहद-कालिका माता मंदिर बसारा में 10 फरवरी से 14फरवरी तक श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया वहीं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 16 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जाएगा। जिसकी कलश यात्रा 15 फरवरी गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ गोहद से आरम्भ हुई गायत्री शक्तिपीठ गोहद से कलश यात्रा प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से निकलते हुए सदर बाजार,इटायली गेट,नया बस स्टैंड,गोलंबर तिराहा,मंडी तिराहा होते हुए कथा स्थल बसारा पहुंची। जहां कथा का शुभारंभ किया गया । कथा व्यास आचार्य पंडित संतोष शास्त्री वृन्दावन धाम के मुखारविंद से कथा वाचन किया जाएगा।कथा का आयोजन राजा भैया गुर्जर के द्वारा किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन दोपहर 12 बजे से 4 बजे किया जाएगा। जिसमें 20 से 25 हजार भक्तों के प्रतिदिन पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।कथा के मध्य 20 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा द्वारा शाम 6से 10 बजे तक भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।23फरवरी को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।



**विशाल कलश यात्रा** -भगवत कथा के शुभारंभ अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में पांच बग्घियां तथा पांच बैंड थे। बग्घी पर महामंडलेश्वर दंदरौआ महंत रामदास जी महाराज कथा वाचक एवं सन्त विराजमान थे यहाँ नासिक की महिलाओं का भांगड़ा बेंड आकर्षक का केंद्र था । जहां स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा की गई।एवं जगह जगह कलश रूका स्वागत किया गया।कलश यात्रा में लगभग पांच सैकड़ा महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

# नप दबोह ने केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का बनाया मजाक







**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**
**दबोह**- नगर परिषद दबोह में केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिम्मेदार अधिकारियों ने बनाया मजाक।दरअसल शुक्रवार को लहार अनुभाग के दबोह नगर में नगर परिषद के द्वारा कार्यालय प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें कम से कम हितग्राहियों को लाभ मिल पाया हो यही बड़ी बात है।क्योंकि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा का कैम्प शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।दरअसल केंद्र सरकार की इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है।यह इस बात पर जोर देता है कि विकसित भारत की ओर यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है।परन्तु नगर परिषद दबोह ने इस आयोजन को आयोजित कर कार्यक्रम की धज्जियां उड़ा का मजाक बना दिया।शुक्रवार को आयोजित होने वाला यह कैम्प नगर परिषद के द्वारा दिये गए निर्धारित समय सुबह 10 से शुरु होकर दोपहर 02 बजे समापन होना था।परन्तु नगर परिषद दबोह के जिम्मेदार अधिकारियों ने जमकर इसका मजाक बना दिया।क्योंकि नगर परिषद दबोह का यह कैम्प निर्धारित समय के बाद शुरू होकर निर्धारित समय से पहले ही दोपहर 01 बजे खत्म हो गया।जिस दौरान अपनी समस्या लेकर नगर परिषद में आयोजित कैम्प में पहुंचे कुछ लोग निराश होकर अपने घर की ओर वापस लौटते नजर आए।

**विकसित संकल्प यात्रा में खाली पड़ी रही कुर्सियां,लोगो को नही थी जानकारी**-सूत्रों की माने तो दबोह नगर परिषद में आयोजित विकसित संकल्प यात्रा में नगर परिषद ने नगर में हर घर सूचना नही भेजी जिसकी वजह से कार्यक्रम फैल होता नजर आया और कुर्सियां खाली पड़ी रहीं।वहीं कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी कार्यक्रम में पाई गई कमियों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नाराजगी जताई।इस दौरान वरिष्ठ नेता भगवान नायक,केशव गुप्ता,पार्षद लालता कुशवाह,पार्षद प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता,संजीव यादव,बड़ागाँव सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार कौरव,जसमन्त दोहरे आदि मौजूद रहे।

इनका कहना

1-आपके द्वारा जानकारी मिली है अगर ऐसा है तो दिखबाते है।
संजीव श्रीवास्तव कलेक्टर भिण्ड

2-समय से पहले यात्रा को ड़त्म नहीं करना चाहिये था अगर ऐसा हुआ है तो वैधानिक कार्यवाई कि जायेगी।

# राइजिंग अस्पताल द्वारा 18 फरवरी को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन



**,दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
मालनपुर मालनपुर क्षेत्र में राइजिंग हॉस्पिटल के द्वारा मालनपुर ने फ्री जन सेवा के लिए विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 फरवरी को सुबह 10 बजे से राइजिंग क्लीनिक पेट्रोल पम्प के सामने, मालनपुर में हर प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जांचों के लिए फ्री शिवर का आयोजन रिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का अयोजन राइजिंग क्लिनिक अस्पताल में मालनपुर मैं किया जाएगा। जिसमें हर प्रकार की जांच के लिए वहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर रहेंगे। जैसे हड्डी रोग विभाग डॉ राजकुमार गर्ग। ब्रेन एवं स्पाईन विभाग डॉक्टर विक्रम सिंह भदोरिया। जनरल सर्जरी विभाग डॉक्टर जुगल किशोर गोयल। वर्न एन्ड प्लास्टिक सर्जन डॉ रामकृष्ण गुप्ता। स्त्री रोग विभाग डॉक्टर गरिमा। मेडिसिन विभाग डॉक्टर नागेंद्र सिंह भदोरिया। नेत्र रोग विभाग डॉक्टर थॉमस।इन डॉक्टरों द्वारा सभी बीमारियों संबंधित जांच निशुल्क रहेगी आपरेशन सर्जरी आंखों की जैसे की 1.ब्लड प्रेशर 2 ब्लड शुगर 3 ई. सी. जी जांच टोटल फ्री खून की बड़ी जांच भी 50त्न छूट दी जाएगी




# जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब विमान नगर पुणे ने शिक्षा के क्षेत्र में दिए 50 हजार रुपए

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**
**पुणे** ।जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब विमान नगर पुणे के क्लब के सदस्यों ने मिलकर अपनी स्वेच्छा अनुसार समाज की होनहार प्रतिभा जो सीरवी एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संचालित हॉस्टल में कर रही यूपीएससी की तैयारी हेतु कोचिंग सेंटर फीस के लिए अपने क्लब के सदस्यों द्वारा 50 हजार रुपए का सहयोग कर होनहार प्रतिभा के खाते में जमा की राशि।अपने क्लब की ओर से ये राशि शिक्षा के क्षेत्र में दी,इससे समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा सन्देश जायगा की हम खेल के साथ साथ समाज के होनहार प्रतिभाओं के लिए भी शिक्षा के क्षेत्र में जब भी जरूरत के समय सभी खिलाड़ी गण तैयार रहते है। क्लब के सदस्यों ने भी कहा कि खेल ओर शिक्षा एक विषय है जो हम शैक्षणिक मानते है, हम सभी पड़कर भी आए है क्यो नही हमारे युवाओं के लिए हम सब मिलकर शिक्षा और खेल को महत्व समझकर और समाज जनहित व विकास के कार्य में सहभागी बने व इससे होनहार प्रतिभाएं जरूर अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित करेगी। आई आर एस अधिकारी विनोद व दुर्गाराम के निवेदन पर हम सभी क्लब के सदस्यों ने मिलकर अपनी स्वेच्छानुसार राशि का सहयोग प्रतिभा को किया। आगे भी जरूरत पड़ने पर जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब सदैव सेवा के लिए तत्पर है।वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिस तरह शिक्षा की ज्यादा चलन और मांग है हम सभी समाजी बन्धुओं को आगे आकर होनहार प्रतिभाओ व वंचित बच्चों को जरूर शिक्षा व खेल में सहयोग प्रदान करना चाहिए।।आप सभी क्लब के सदस्यों को अखिल भारतीय सीरवी समाज व राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट करते इस नेक काम के लिए। ये जानकारी हकाराम राठौड़ पुणे ने दी।



# 12वीं के 5834 विद्यार्थियों ने दिया जीव विज्ञान का पेपर, 148 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पाजंलि टुडे**
आज 16 फरवरी को मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई सेकेण्डरी कक्षा 12वी बोर्ड परीक्षा के जीव विज्ञान का प्रश्न पत्र हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने बताया कि कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान को प्रश्न पत्र जिले के 87 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुआ है। कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल दर्ज 5982 विद्यार्थियों में से 5834 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 148 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। इस प्रकार कक्षा 12वीं के नियमित विद्यार्थी कुल दर्ज 4690 में से 4642 विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा 48 अनुपस्थित रहें। स्वाध्यायी विद्यार्थी 1292 दर्ज में से 1192 विद्यार्थी उपस्थित तथा 100 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें।

# मेला में साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था रहे,इसका विशेष ध्यान रखें.

।दूमका। गुरूवार को राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव-2024 को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक की।16 से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाले हिजला मेला महोत्सव-2024 के विधि व्यवस्था संधारण हेतु उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं मेला में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई आवश्यक निदेश दिये।हिजला मेला में संपूर्ण मेला अवधि के दौरान तीन पालियों में सुरक्षा बल एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति रहेगी।उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त सुरक्षा बल एवं मजिस्ट्रेट सिर्फ शारीरिक नहीं मानसिक रूप से अपने- अपने कर्तव्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे एवं पूरे मेला अवधि के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने में अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्यस्थल को सुरक्षा बल एवं मजिस्ट्रेट नहीं छोड़ेंगे।अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा मेला में विधुत से संबंधित किये गए कार्य सहित अन्य कार्यों की जांच संबंधित विभाग निश्चित रूप से कर लें ताकि किसी प्रकार की विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

कलेक्टर ने रायपुर कर्चुलियान तहसील में राजस्व विभाग की समीक्षा की

# नक्शा तरमीम कम करने व राजस्व कार्यों में लापरवाही पर पटवारी को निलंबन के दिए निर्देश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान तहसील में राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम कम किए जाने व राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने पर कुइयाँखुर्द/टटिहरा हल्के के पटवारी अमरीश शुक्ला पटवारी हल्का टटिहरा अतिरिक्त प्रभार कुइयाँखुर्द को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व कार्यों में अंतिम 10 पायदान पर रहने वाले पटवारियों अमृता शुक्ला, पद्मिनी चौधरी, रितेश मिश्रा, नीलम पाण्डेय, राकेश त्रिपाठी, अभिषेकचन्द्र गुप्ता, मनीष सिंह रफीकुद्दीन सिद्दीकी, नवीन गुप्ता व पवन मिश्रा के वेतन रोकने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों व पटवारियों को निर्देश दिए कि नक्शा तरमीम



के साथ-साथ सीमांकन, बंटवारा व नामांतरण के कार्य प्राथमिकता से करें। तहसील में काफी संख्या में नक्शा तरमीम के लंबित प्रकरणों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने न्यायालय में हल्केवार प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी पटवारी आगामी तीन दिन में अपने प्रतिवेदन दें और अभिलेख दुरूस्तगी के प्रकरणों को पूरा कराएं। कलेक्टर ने अवकाश दिवस में भी कार्यालय व क्षेत्र में कार्य करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि रायपुर कर्चुलियान तहसील में अपेक्षित प्रगति आ सके। उन्होंने पीएम किसान निधि के शत-प्रतिशत प्रकरणों का ई केवाईसी कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी किसान इसमें छूटने न पाए। बैठक में एसडीएम पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष द्विवेदी सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पटवारी उपस्थित रहे।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों की सभी समस्याएं

## प्राथमिकता से दूर की जाएंगी - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संचालन के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विन्ध्य के लोगों के लिए वरदान है और यहाँ पदस्थ चिकित्सक अपनी पूरी क्षमता व कर्त्तव्य निष्ठा से मरीजों का उपचार कर रहे हैं। चिकित्सकों की सभी समस्याएं प्राथमिकता से दूर की जाएंगी। श्री शुक्ल ने चिकित्सकों की पदोन्नति व आयुष्मान के तहत बनने वाले प्रोत्साहन राशि का भुगतान तत्काल किए जाने के निर्देश डीन मेडिकल कालेज को दिए। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम



शीघ्र प्रारंभ कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने नियमित समीक्षा बैठक में अस्पताल के संचालन की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, डीन डॉ मनोज इंदुलकर, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव सहित सुपर स्पेशलिटी के चिकित्सक उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपशिष्ट से बिजली बनाने के ऊर्जा संयंत्र के कमीशनिंग कार्य का किया शुभारंभ

## रीवा में अब कोयला, पानी, सोलर के बाद कचरे से भी बनेगी बिजली - उप मुख्यमंत्री



### रीवा व विन्ध्य को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प होगा पूरा - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा में अब कोयला, पानी, सोलर के बाद कचरे से बिजली बनाई जाएगी। नगरीय निकायों से निकलने वाले कचरे का निष्पादन कर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से 6 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि कचरे के निष्पादन से जहाँ बिजली पैदा होगी वहीं दूसरी ओर अपशिष्ट प्रबंधन के तहत रीवा व विन्ध्य को साफ सुथरा बनाने का संकल्प भी पूरा होगा। श्री शुक्ल ने पहड़िया ग्राम में 158.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का शुभारंभ किया। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत रीवा क्लस्टर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस संयंत्र के बन जाने से रीवा संभाग के 28 नगरीय निकायों का कचरा बिजली बनाने के काम में आएगा। उन्होंने संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अपेक्षा की कि समन्वय बनाकर कचरे का निष्पादन कराएं ताकि सभी नगरीय निकाय साफ सुथरे रहें। उन्होंने कहा कि शहरों को साफ-सुथरा बनाने में जागरूकता के साथ-साथ संस्थागत ढांचों के निर्माण की भी आवश्यकता होती है। इस अत्याधुनिक संयंत्र के लग जाने से ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन होगा और इसकी चिमनी से जो धुंआ निकलेगा वह भी किसी भी प्रकार से हानिकारक नहीं होगा। बीमारी को रोकने में स्वच्छता की सबसे बड़ी जरूरत होती है अतः अपने शहर व गांव को स्वच्छ रखने में सभी लोग समवेत हों और प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन के राष्ट्रीय आंदोलन के संकल्प को पूरा करने में भागीदार बनें। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा व विन्ध्य अधोसंरचना के मजबूत होने से उड़ान भरने को तैयार हैं। यहाँ सभी तरह की जरूरतों की पूर्ति प्राथमिकता से की जा रही है।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि कचरे से बिजली का बनना उसी प्रकार है जैसे कचरे में सोना मिलना होता है। प्रधानमंत्री जी की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता साकार हो रही है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की सोच को साकार रूप प्राप्त करने के लिए साधुवाद दिया और कहा कि श्री शुक्ल रीवा व विन्ध्य को स्वच्छता के क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के प्रयासों से रीवा व विन्ध्य की तकदीर व तस्वीर बदल गई है और रीवा हर क्षेत्र में आगे बढ़



रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अत्याधुनिक कचरा प्लांट से बिजली पैदा होगी और पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है कि जितना कचरा निकले उसका निष्पादन हो ताकि पर्यावरण साफ रहे। उन्होंने कहा कि पहड़िया का कचरा संयंत्र मध्यप्रदेश में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि रीवा, सतना, सीधी, मैहर व मऊगंज जिले के 28 नगरीय निकायों के ठोस अपशिष्ट से रामकी कंपनी द्वारा 6 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की क्षमता 350 टन प्रति दिवस है। कचरे से बिजली उत्पादन के बाद राख का पुनः उपयोग होगा तथा कचरे के जलने से उत्पन्न होने वाली हानिकारक गैसों को पूर्ण रूप से निष्पादन कर वायुमण्डल में छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर रामकी कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मसूद मलिक ने बताया कि यह अत्याधुनिक प्लांट देश का 9वां प्लांट है जो अपशिष्ट को निष्पादित कर बिजली उत्पादन के साथ स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्लांट उप मुख्यमंत्री जी की सोच का परिणाम है जो आज साकार रूप प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में महापौर सतना योगेश ताम्रकार, आयुक्त नगर निगम सतना सहित रीवा, सतना, सीधी, मऊगंज व मैहर नगरीय निकायों के अध्यक्ष व रीवा नगर निगम के पार्षदगण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन अधीक्षण यंत्री नगर निगम रीवा शैलेन्द्र शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन यंत्री एसके चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान नगरीय निकायों के सीएमओ तथा नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में पहड़िया तथा आसपास के ग्रामवासी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने प्लांट के शुभारंभ के उपरांत संयंत्र का भ्रमण किया।

उप मुख्यमंत्री ने सिविल लाइन पार्क निर्माण का किया अवलोकन

# सिविल लाइन पार्क में 2.13 करोड़ की लागत से बनेगी दुकानें, शौचालय तथा पार्किंग

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन सिविल लाइन पार्क का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल लाइन पार्क का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। पार्क के चारो ओर बनाई जा रही सड़क का कार्य लगभग पूरा हो रहा है। इसमें दोनों ओर पेवर लगाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। अच्छी गुणवत्ता के आकर्षक पेवर ब्लाक लगाएं। सिविल लाइन पार्क को विकसित करने के लिए 2.13 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कार्य मंजूर किए गए हैं। इस राशि से 19 दुकानों, पार्किंग एरिया तथा चिल्ड्रेन एरिया का विकास किया जाएगा। साथ ही पार्क में ओपेन जिम की भी व्यवस्था की जाएगी। पार्क के समीप महिलाओं के लिए तीन तथा पुरूषों के लिए तीन शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। हाउसिंग



बोर्ड के अधिकारी इन निर्माण कार्यों को शुरू कराने की कार्यवाही तत्काल शुरू करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण समय सीमा में पूरा कराएं। इसकी आंतरिक साज-सज्जा, फर्नीचर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सर्किट हाउस में भी अतिरिक्त निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अब निर्माण कार्यों की कुल लागत 6 करोड़ 25 लाख रुपए हो गई है। नवीन कार्यों को शुरू कराने की प्रक्रिया आरंभ करें। निरीक्षण के समय नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री राजेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नि:शुल्क कैंसर शिविर से हजारों रोगियों को मिलेगी उपचार सुविधा - उप मुख्यमंत्री

# शीघ्र ही एक लाख लोगों की जाँच और उपचार के लिए लगेगा विशाल शिविर - उप मुख्यमंत्री



### रीवा को विकसित के साथ स्वस्थ और खुशहाल बनाएंगे - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** . रीवा में 24 और 25 फरवरी को विशाल निःशुल्क कैंसर जाँच एवं उपचार शिविर लगाया जा रहा है। इंदौर कैंसर फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर रोगियों की जाँच एवं निःशुल्क उपचार किया जाएगा। शिविर के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि निःशुल्क कैंसर शिविर से हजारों रोगियों को जाँच और उपचार की सुविधा मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक 19 फरवरी तक शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक रीवा संभाग में 57 हजार से अधिक लोगों की जाँच की गई है। इनमें से दो हजार से अधिक कैंसर रोगियों को चिन्हित किया गया है। रोगियों की पहचान के लिए लगाए जा रहे शिविरों में पहुंच कर आमजन अपनी जाँच कराएं। कैंसर रोग की पहचान के लिए कैंसर संकेत एप को अधिक से अधिक व्यक्तियों के मोबाइल पर डाउनलोड कराएं। इसके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की सरलता से जाँच की जा सकती है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में मुख कैंसर और स्तन कैंसर का बहुत अधिक प्रकोप है। कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो जाने पर इसका पूरी तरह से उपचार संभव है। समय पर उपचार न होने पर कैंसर बहुत अधिक पीड़ादायक होता है। हम शिविरों के माध्यम से रोगियों की जाँच कराकर हजारों लोगों को इस पीड़ा से बचा सकते हैं। इंदौर कैंसर फाउण्डेशन बड़े सेवा भाव से रोगियों का उपचार करता है। जिला और संभाग में शिविर के लिए प्रशासनिक स्तर तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा अच्छी तैयारी की जा रही है। रीवा के सेवाभाव से कार्य करने वाले बहुत ही सक्रिय सामाजिक संगठन और संस्थाएं भी इसमें सराहनीय योगदान दे रहे हैं। हम सब मिलकर यह प्रयास करें कि कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो जाए और कोई भी रोगी दूसरी और तीसरी स्टेज में न पहुंचने पाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में एक-दो माहों की तैयारी के बाद स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें एक लाख से अधिक व्यक्तियों की निःशुल्क जाँच और उपचार की सुविधा दी जाएगी। रीवा जिला तेजी से विकसित हो रहा है। विकसित रीवा के साथ-साथ हम स्वस्थ और खुशहाल रीवा बनाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर की रतहरा, निराला नगर, रानीतालाब जैसी बस्तियों में भी शिविर लगाकर कैंसर रोगियों की पहचान करें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जो कैंसर रोगी चिन्हित किए गए हैं उनकी पुनः जाँच 18 फरवरी को की जाएगी तथा 19 फरवरी को जिला चिकित्सालय में रीवा शहर के रोगियों की जाँच के लिए शिविर लगेगा। रोगियों को 24 और 25 फरवरी को रीवा में लेकर आने तथा जाँच और उपचार के बाद वापस भेजने के लिए विकासखण्ड स्तर पर बसों की व्यवस्था की जाएगी। इंदौर कैंसर फाउण्डेशन की टीम को सहयोग देने के लिए संजय गांधी हास्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, जिला चिकित्सालय तथा मेडिकल कालेज की टीम तैनात रहेगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने कैंसर शिविर के लिए की गई तैयारियों की बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया रीवा जिले में 12 हजार 847 व्यक्तियों की जाँच की गई है। इनमें 647 व्यक्तियों में मुख कैंसर तथा 203 महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाए गए हैं। रीवा में आयोजित शिविर में रीवा के साथ-साथ मऊगंज, सतना, मैहर, सीधी और सिंगरौली जिले के रोगियों को भी उपचार की सुविधा दी जाएगी। बैठक में डॉ सुनील अवस्थी ने कैंसर रोग की जाँच तथा पहचान के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री राजेश पाण्डेय, पार्षदगण, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, नोडल अधिकारी सोनाली देव, सिविल सर्जन डॉ केपी गुप्ता, मेडिकल कालेज के डीन डॉ मनोज इंदुलकर तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, एसोसिएशन, जन अभियान परिषद तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रावतपुरा सरकार भक्त मंडल को दिया आस्वाशन



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सभी प्रमुख सदस्य आज माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने गुरु जी के कार्यक्रम के व्यवस्था सम्बंधित जो भी माग रखी गई उसे उन्होंने खुशी खुशी स्वीकार किया और सभी विभागों के प्रमुखों को तत्काल आदेश किया कि सभी कार्य तत्काल पूरे किये जाए साथ ही 25/02/2024 को खुद भी रहने का आस्वाशन दिया। आज की मीटिंग मोहन सभागार कलेक्टर ऑफिस में हुई जिसमें मुख्य रूप से दादाभाई प्रदुमन सिंह जी,दिनेश गुप्ता जी ,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जी,गोविंद नारायण श्रीवास्तव जी,राघवेंद्र सिंह जी,पन्ना लाल अवस्थी जी,पवन शर्मा जी,मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहें।



कलेक्टर ने आठ लापरवाह कर्मचारियों की रोकी एक-एक वेतन वृद्धि

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पड़ी भारी - आठ मतदान कर्मियों की रूकी वेतन वृद्धि



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )** *।विधानसभा निर्वाचन के दौरान दो अलग-अलग मतदान केन्द्रों में तैनात मतदान दलों द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती गई। मतदान कर्मियों द्वारा वास्तविक मतदान से पहले मॉक पोल कराया गया। लेकिन मॉकपोल का डाटा कंट्रोल यूनिट से डिलीट नहीं किया। जिसके कारण मतपत्रों का विवरण देने वाले प्रारूप 17 को तैयार करने में कठिनाई आई। इसे निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने आठ मतदान कर्मियों की एक-एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र त्योंथर के मतदान केन्द्र क्रमांक 214 बॉस में तैनात मतदानकर्मी अच्छेलाल चर्मकार सहायक प्राध्यापक शा. उमा.वि. पनवार, रमेश प्रसाद शर्मा मानचित्रकार जल संसाधन विभाग, दिवाकर प्रसाद तिवारी सहायक उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी हनुमना, रामनरेश त्रिपाठी प्राथमिक शिक्षक उमावि पुरौना तथा अरूण कुमार मिश्रा भृत्य अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा को तैनात किया गया था। इनके द्वारा मतदान कार्य में लापरवाही बरतने पर एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। विधानसभा क्षेत्र देवतालाब के मतदान केन्द्र क्रमांक 134 तिवरिगवां में मतदानकर्मी रमेश कोल प्राथमिक शिक्षक शा. उमावि हिनौती, कोमल प्रसाद सिंह प्राथमिक शिक्षक उमावि रायपुर सोनौरी तथा लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा लिपिक जिला सहकारी बैंक को तैनात किया गया था। इनके द्वारा मॉकपोल का डाटा ईव्हीएम से न हटाने पर एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है।*

# 2000 रु की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार पटवारी मुकेश धाकड़ को माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार जिला शिवपुरी द्वारा 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/-रुपये के अर्थदण्ड

शिवपुरी-आज शिवपुरी में माननीय न्यायालय ने 2000 रु की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार पटवारी मुकेश धाकड़ को माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार जिला शिवपुरी द्वारा 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/-रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।अभियोजन के अनुसार आरोपी मुकेश धाकड पटवारी हल्का राजा की मुडेरी तहसील जिला शिवपुरी द्वारा फरियादी मोहन सिंह भदौरिया निवासी राजा की मुडेरी से उसके खेत का सीमांकन कराने के एहवज में 2000 रुपये की मांग की थी। आवेदक के द्वारा उक्त रूपये मांगने के संबंध में आरोपी की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय ग्वालियर में की गयी थी।लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर के द्वारा आरोपी के विरुद्ध कार्यावाही करते हुये दिनांक 14.06.2019 को आरोपी मुकेश धाकड को उसके निवास नबाव सहाब रोड शिवपुरी में 2000 रुपये लेते हुये ट्रेप किया था। अनुसंधान उपरांत आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रकरण के महत्वपूर्ण साक्षियों के कथन माननीय न्यायालय के समक्ष कराये गये प्रकरणमे उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदणड़ से दण्डित किया है। लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर की ओर से अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक सुनील त्रिपाठी के द्वारा की गई।

**ओबीसी फ्रंट 29 फरवरी को भोपाल में करेगा प्रदर्शन**

# अगली सरकार उसी की बनेगी जो पिछड़ों को हक देगा -दामोदर सिंह यादव



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-भले ही ओबीसी वर्ग देश का बहुसंख्यक समाज शुरु से ही रहा है लेकिन देश में शासन करने वाले सभी प्रमुख दलों ने पिछड़ा वर्ग को जब तक सिर्फ वोट देने की वस्तु समझा। लेकिन अब हम पिछड़ों को राजनीतिक हक ओर अधिकार दिला कर रहेंगे इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अनेक चरणों में ÷पिछड़ा अधिकार यात्रा निकाली जा रही है। हक्क्ष्ट फ्रंट के तत्वाधान में निकाली जा रही यह यात्रा एक जाग्रति अभियान के रूप में चल रही है जिसके अंतर्गत 29 फरवरी को भोपाल के जयंती मैदान में विशाल आमसभा करेंगे साथ ही पैदल मार्च भी किया जाएगा। उक्त बात ओबीसी फ्रंट संगठन के प्रमुख, किसानों एवं पिछड़ों के नेता तथा यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दामोदर सिंह यादव ने पत्रकार वार्ता में कही।श्री यादव ने बताया कि ÷पिछड़ा अधिकार यात्रा% मुख्य रूप से निम्न मांगों को लेकर निकाली जा रही है- म.प्र. में जातिगत जनगणना कराये सरकार जब तक जनगणना नहीं हो जाती तब तक ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाये, देश की विधान सभाओं एवं लोकसभा में पिछड़ों के लिये सीटें आरक्षित की जायें, प्रमोशन में रिजर्वेशन लागू किया जाये और किसानों के ऋष्ट्ट ऋष्टा माफ किया जाये। श्री यादव ने कहा कि जब तक यह माँगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।श्री यादव ने कहा कि जहां हम अपनी माँगे मनमाने के लिये राजा पूर्व केंद्र सरकार से हम लगातार माँग एवं प्रदर्शन कर रहे है साथ ही राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी दलों को भी जागाह कर रहे हैं की सिर्फ पिछड़ों का शुभचिंतक होने का ढोग न करें बल्कि हक देना चाहते हैं तो आगामी लोकसभा में 50 प्रतिशत टिकट ओबीसी को दें नहीं तो हम विपक्ष के प्रमुख नेताओं का भी सड़कों पर उतर कर विरोध करेंगे।

# जादू टोने के शक में चार महिलाओं ने बुजुर्ग दंपति को मारपीट कर खिलाया मानव मल, पीड़ित दंपति ने पुलिस अधीक्षक के सामने लगाई न्याय की गुहार



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-मध्यप्रदेश के शिवपुरी में मानवता को शर्मशार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 4 महिलाओं और उनके परिवार ने एक बुजुर्ग दंपति पर जादू-टोने का आरोप लगाकर उनकी जमकर मारपीट कर उनके मुंह में मानव मल भर दिया। घटना का पता तब चला जब पीड़ति दंपति ने शुक्रवार को इसकी लिखित शिकायत एसपी ऑफिस में दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मामले की जांच के बाद दंपति को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।मारते हुए पूरे गांव में घुमाया और मुंह में भर दिया मानव मल जानकारी के अनुसार घटना अमोला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने गांव सिलानगर की है। पीड़ति महिला ने बताया कि 15 ही की सुबह 10 बजे वह फ्रेश होकर अपने घर आ रही थी उसके घर के पास में निवास करने वाली महिला देवका यह पत्नि महेन्द्र कुशवाह एवं इसके परिवार की उषा कुशवाह, रामकुमारी कुशवाह, प्रेम कुशवाह खड़ी थी इनके द्वारा उसे रोक लिया और चड्डी चोरी और जादू टोना का आरोप लगाने लगी जब मैंने इससे इंकार किया तो सभी ने लात घूसों से मारपीट कर कपड़े फाड दिये और पूरे गांव में घूमाकर मुंह में मानव मल भर दिया। उक्त पटना के समय पूरे गांव वाले मौजूद्ध थे जिन्होने घटना देखी है।पुलिस पर सादा कागज पर रिपोर्ट लिखने का आरोपः महिला ने बताया कि जब उसने इसकी शिकायत अपने पति के साथ अमोला पुलिस थाने पर की तो पुलिस ने उनकी सादा कागज पर रिपोर्ट लिखकर उन्हें थाने से भगा दिया। महिला ने पुलिस पर आरोपियों से मिली भगत का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की

**लापरवाहीः ग्राम पंचायत नारही चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

# ग्राम पंचायत नारही में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों से हो रहा है निर्माण कार्य

**पुष्पांजलि टुडे सतीश परिहार**
**पत्रकार करैरा**

शिवपुरी करैरा अनुविभव के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारही मे सरपंच राजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सचिव प्रकाश रासमेरिया द्वारा नारही ग्राम पंचायत में गरीबों की मजदूरी पर डाका डालकर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य को मजदूरों से ना कराकर जेसीबी मशीनों द्वारा दिनदहाड़े करवाया जा रहा है। बही नारही पंचायत के सरपंच एवं सचिव की धाक जमकर पेल रहे हैं। तलैया में निर्माण कार्य पंचायत के कर्ताधर्ताओं के द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिसकी सुध लेने बाला कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिसमें सरपंच खुद जेसीबी मशीन चलवाते हुए दिख रहे है एवं ग्राम पंचायत नारही के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं वह पूरी तरह घटिया हुए उन निर्माण कार्य में रेत की जगह मुरम का उपयोग किया गया है एवं फर्जी मस्टर भरकर अवैध रूप से लाखों की राशि हड़प कर ली सरपंच सचिव ने एवं खास बात यह है कि मामले की जानकारी करैरा के जनपद पंचायत के आला अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी है लेकिन भ्रष्ट सरपंच सचिव पर अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं करैरा जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की मिलीभगत भी इस भ्रष्टाचार में हो सकती है ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में सरकार से मिलने वाली जन हितेषी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हम लोगों को जब मिल पाता है जब हमें सरपंच सचिव को मोटी रिश्वत देनी पड़ती इसके बाद हमें लाभ मिल पाता अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्ट सरपंच सचिव पर क्या कार्यवाही करते हैं या फिर कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डाल दी जाएगी।

**पंचायत के पूरे गांव में जगह-जगह कीचड़ व फैलीं गंदगी**-एक तरफ सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत मध्य-प्रदेश में स्वाच्छ भारत बनाने में लगीं हुई है। लेकिन इधर सरपंच एवं सचिव पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई के नाम पर फर्जी राशि निकाल कर अपनी जेमे भर रहें हैं।और अपने घर पर निजी निर्माण कार्य कर रहे। हालात यह है कि गांव में कीचड़ है, और मुख्य रास्ते भी गंदगी से सने हुए हैं। सफाई के नाम पर पूरे गांव में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है। नारही गांव के ग्रामीण कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा । बही स्कूली बच्चे भी निकलने में मजबूर है, कई बार तो फिसल कर चोटिल हो चुके हैं ।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पतंजलि टुडे**

विगत दिनों विजयश्री जनकल्याण परिषद नवांकुरसंस्था म.प्र.जन अभियान परिषद द्वाराअ.जा./अ.ज.जा. ग्राम-बीजनीपुरा में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन किया गया। संस्था की सचिव वंदना व्यास ने बताया कि संस्था के पदाधिकारी और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र अमिनेष गुप्ता,पीयूष और अन्य छात्रों ने शिविर में योगदान दिया और घर-घर पीले चावल लेकर सूचना शिविर की सूचना दी और हितग्राहियों को शिविर में शामिल करवाया। डॉक्टर अमित जायसवाल और स्वास्थ्य विभाग की टीम मैं मरीजों की जांच करते हुए दवाई उपलब्ध करवाई।

# अभिमन्यु रजावत एस आई ने संभाली आमोलपठा पुलिस चौकी की कमानआमोलपठा

**पुष्पांजलि टुडे से**
**सतीश परिहार पत्रकार करैरा**



शिवपुरी पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने मदें नजर रखते हुए जिले के थाना प्रभारियों का फेर - बदल किया है। इसी क्रम में अमोला थाना की आमोलपठा पुलिस चौकी की कमान अभिमन्यु रजावत एस आई को सौंपी बही आमोलपठा चौकी प्रभारी अभिमन्यु रजावत जी बिधिवत कार्यभार संभाल लिया कार्यभार संभालते ही अपराध और अपराधिक बारदातो पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश दिए ।आमोलपठा चौकी प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता में सामिल है। इसके लिए वे अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करेंगे प्रभारी ने कहा क्षेत्र में नशे , लूटपाट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा और विशेष अभियान भी चलाया जाएगा अपराधियों पर कार्यवाही करेंगे फरियादी को उचित न्याय मिलेगा

**नगर परिषद चांचौड़ा-बीनागंज के गठन दिनांक से आज तक नहीं हुई मीटिंग**

# मध्य प्रदेश शासन की नगर सरकार के निर्वाचन दिनांक से चाचौड़ा बीनागंज में शिक्षा समिति और खेल एवं युवक कल्याण समिति की आज तक मीटिंग का आयोजन ही नहीई किया गया।

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

मध्य प्रदेश शासन ने नगर सरकार और नगर परिषद की समितियां को असीमित अधिकार दिए गए हैं,नगर परिषद का उपाध्यक्ष ही शिक्षा समिति का अध्यक्ष शासन द्वारा मनोनीत रहता है,नगर परिषद चाचौंड़ा के गठन दिनांक से आज तक नगर शिक्षा समिति और खेल एवं युवक कल्याण समिति का मीटिंग का आयोजन ही नहीं किया गया।श्रीमती रश्मि कल्लू-शर्मा अध्यक्ष शिक्षा और खेल एवं युवक कल्याण समिति नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी और जिम्मेदार अधिकारियों को मीटिंग के आयोजन करने हेतु कहा गया लेकिन,जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने पर श्रीमती रश्मि शर्मा नेविकासखंड शिक्षा अधिकारी चाचौड़ा ब्लॉक, ब्लॉक समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग ब्लॉक चांचौड़ा,प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय और शासकीय कन्या महाविद्यालय चांचौंडा,जिला शिक्षा अधिकारी गुना,जिला समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग जिला गुना और प्राचार्य और नोडल ऑफिसर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना को दिनांक 28 जनवरी 2024 को पत्र भेजकर शीघ्र मिटिंग आयोजित करने हेतु पत्र लिखा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्रवाई न करने पर 12 फरवरी 2024 को पुन~ उक्त सभी अधिकारियों को स्मरण पत्र भेजकर शीघ्र मीटिंग का आयोजन करने हेतु पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मीटिंग के संबंध में कोई भी उत्तर और सूचना नहीं दी गई।*श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि इसके अलावा भी में सभी जिम्मेदार अधिकारियों को दो स्मरण पत्र भेज चुकी हूं। शिक्षा विभाग की योजनाएं कार्यक्रम और शासन की जनहित और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से मुझे अवगत कराएं लेकिन नौकरशाही के चलते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर कोई भी असर नहीं हो रहा है और मेरे अधिकारों का जबरन शोषण किया जा रहा है।*निर्वाचन दिनांक से जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आज तक शिक्षा समिति की मीटिंग नहीं बुलाई और ना ही चांचौंडा और बीनागंज नगर में शिक्षा विभाग और खेल एवं युवक कल्याण विभाग की एक्टिविटी से मुझे अवगत भी नहीं कराया और कई कार्यक्रमों का आयोजन उनके द्वारा किया गया, अगर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई।मैं शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ कलेक्टर महोदय से भेंट करुंगी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही नौकरशाही और लाल फीताशाही के बारे में बात करूंगी।

**-श्रीमती रश्मि कल्लू शर्मा**
**उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा**

# कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना ही उद्देश्य-शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि अंतर्राष्टीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस बचपन के कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कैंसर से पीड़ति बच्चों और किशोरों, बचे लोगों और उनके परिवारों के लिए समर्थन व्यक्त करने के लिए एक वैश्विक सहयोगात्मक अभियान है।थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि साल 20 वर्ष से कम उम्र के 400,000 से अधिक बच्चों और किशोरों में कैंसर का पता चलता है। जीवित रहने की दर क्षेत्र पर निर्भर करती है, अधिकांश उच्च आय वाले देशों में 80त्न जीवित रहने की दर होती है, लेकिन निम्न और मध्यम आय वाले देशों में केवल 20त्न तक जीवित रहने की दर होती है।मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉआर के शर्मा, डॉ ए के गुप्ता, आलोक मित्तल एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जैन, बीना एडवोकेट आदि ने कहा कि चाइल्डहुड कैंसर इंटरनेशनल की स्थापना 1994 में हुई थी। यह दुनिया का सबसे बड़ा बाल कैंसर रोगी सहायता संगठन है। 170 से अधिक विभिन्न समूह संगठन बनाते हैं, जिसमें मूल संगठन, कैंसर से बचे बच्चों के लिए संघ, कैंसर से पीड़ति बच्चों के लिए सहायता समूह और कैंसर सोसायटी शामिल हैं।इस दिन, संगठन और व्यक्ति शीघ्र पता लगाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होते हैं, जो बचपन के कैंसर से मृत्यु दर को कम करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

**शिवानी जैन एडवोकेट**

# हर घर गुब्बारा कार अभियानः अनुभव से शिक्षा और विज्ञान की अवधारणा को समझ रहे छात्र, गुब्बारे से बना रहे कार





**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**अश्वनी अवस्थी**

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के वनांचल क्षेत्र के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा मे शिक्षा को अनुभव का स्वरूप देते हुए हर घर गुब्बारा कार अभियान में बच्चों की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जा रही है। सभी बच्चे के द्वारा विद्यालय में गुब्बारों के माध्यम से गुब्बारे वाली कारें चलाई जा रही हैं। स्कूली बच्चों में इस अभियान को लेकर अच्छी हिस्सेदारी देखने को मिल रही है। बच्चो द्वारा अलग अलग प्रकार से कार बनाया गया है जिसका राष्ट्रिय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को प्रदर्शनीय लगाया जायेगा। बच्चो में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने नवाचार और खिलौना आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से या प्रयोग किया जा रहा है।शिक्षा जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। समय के साथ-साथ शिक्षा और अध्ययन में बदलाव भी देखने को मिला है। एक समय था न्यूटन के नियम हमें केवल तख्तों पर दिखे हुए मिलते थे, पर आज ये सब बच्चे खुद प्रयोग करके देख रहे हैं। हमने अब तक पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रॉनिक वाहन के बारे में सुना है। अब हम उस कार के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम है गुब्बारा कार।

**कबाड़ का जुगाड़ भी**-इसके लिए विद्यालय में कबाड़ से जुगाड़ कर सामग्री जैसे पुराने खिलौने, प्लास्टिक बॉटल गत्ते के टुकड़े और गुब्बारा आदि एक दिन पहले एकत्रित किए गए हैं। इसके बाद यह गुब्बारा कार बनाया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता की वृद्धि हो रही है। बच्चे खेल-खेल में इसकी विज्ञान के सभी पहलुओं को समझ रहे हैं। आगामी 28 फरवरी को विज्ञान दिवस पर इसकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बच्चों ने गुब्बारे वाली कार बनाने का जब विषय मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर जगह से वो तस्वीर सामने आई, जहां विद्यालयों में चटक रंगी छटा बिखरने लगी।प्रधानपाठक रामरतन नेताम इससे पहले बच्चो के बहुत से मॉडल और खिलौना बना चुके हैं बच्चो में अद्भुत प्रतिभा है बस उनको थोडा प्रेरणा की जरूरत होती है फिर वे ये कार्य कर लेते हैं । संकुल प्राचार्य खम्हान साहू ने बताया कि आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में जब होते हैं तो इसका बेहतरीन परिणाम देखने को मिलता है। बच्चों की प्रतिभा देखते ही निखर रहा है कबाड़ से इतने बेहतरीन जुगाड बनाए गए। दरअसल, यह अवसर था ये जानने का कि आखिर हवा से भी कार चल सकती है, ये बच्चे अब जूनियर वैज्ञानिक बने हुए हैं

# हत्या कारित करने वाले 5-5 हजार रुपये के दो इनामी बदमाश 24 घण्टे के अंदर ऊमरी पुलिस की गिरफ्त में

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ऊमरी। पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड डॉ. असित यादव, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक, के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड श्री संजय कोच्छा के मार्ग दर्शन में दिनांक 13/02/2024 को ग्राम नदोरी में हुई हत्या के 5-5 हजार रुपये के इनामी आरोपियों को ऊमरी पुलिस ने किया गिरफ्तार।दिनांक 14/02/2024 की रात्रि में फरियादी समरजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह भदौरिया उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नदोरी द्वारा रिपोर्ट की कि दिनांक 13/02/2024 को रात्रि समय करीब 08.30 बजे मै अपने पडौसी, भाइयों तथा अपने बाबा कोक सिंह भदौरिया के साथ घर के चबूतरे पर बैठा था तभी गांव के दो व्यक्ति गाली गलौज करने लगे जिन्हे हम लोगों ने गाली देने से मना किया तो उक्त दोनो व्यक्ति



झगडने लगे तभी एक व्यक्ति ने मेरे बाबा कोक सिंह को जान से मारने की नियत से ईट का टुकडा फेंककर मारा जो बाबा कोक सिंह की नाक में लगा खून निकल आया और बाबा को खून की उल्टी हो गई जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिण्ड लेकर गये जहां मेरे बाबा कोक सिंह की मृत्यु हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपीगणों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 33/2024 धारा 294,302,336,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। तथा आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर लगातार दविश दे दिनांक 15/02/2024 को प्रकरण के दोनो आरोपियों को ग्राम नदोरी से गिरफ्तार किया गया घटना में प्रयुक्त आलाजरर जप्त किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

सराहनीय भूमिकाः-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक राजवीर सिंह यादव, आशीष तिवारी, मयंक दुबे, आरक्षक. धर्मपाल सिंह परिहार, राहुल तोमर, भानु प्रताप सिंह, विमल भदौरिया, प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# साइबर अपराध को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के दिशा निर्देश में साइबर अपराध के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए शासकीय एमजेएस महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. प्रभा तिवारी रही एवं मंच का संचालन अश्विनी भदौरिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय कोच्छा,नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके एवं साइबर सेल निरीक्षक दीपेंद्र यादव, एएसआई सत्यवीर सिंह,आरक्षक आनंद दीक्षित,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मालवीय विमल मौजूद रहे। अथितियों ने बताया कि इंटरनेट के बढते प्रयोग से साइबर अपराध में बेतहाशा इजाफा हुआ है। अपराधी ठगी के नए तौर - तरीकों को अमल में लाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपना ओटीपी किसी को नहीं बताएं। अंजान लोगों से वीडियो कॉलिंग से परहेज करें। फर्जी लोन एप से सावधान रहें। बना आपको शिकार बना सकते हैं। ऑनलाइन बैंकिंग सेवा के सुरक्षित लाभ के लिए समय-समय पर समाधान किया। इस दौरान लोगो को साइबर अपराध के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।



फेसबुक , इंस्टाग्राम,ट्विटर जैसे सोशल साइट्स पर अंजान लोगों से जुड़ने में खास सावधानी बरतनी चाहिए। अपराधी आपके अजीज दोस्तों, रिश्तेदारों का फर्जी अकाउंट पासवर्ड में बदलाव करना बहुत जरूरी है। किसी भी लिंक से एप डाउनलोड करने से बचें। छात्रो के प्रश्नो का उन्होने सारगर्भित उत्तर दिया और उनकी जिज्ञासाओ का कार्यक्रम के दौरान,डॉ शैलेन्द्र शर्मा,प्रो. अनीता वंसल,डा. रिचा सक्सैना सहित एनसीसी,एनएसएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

# जिला सचिव ने सड़कों पर जम रही धूल मिट्टी को नगर पालिका अधिकारी को लिखा पत्र

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**गोहद।** जिला सचिव युवा कांग्रेस कमेटी भिंड ने नगर की मुख्य सड़कों पर जम रही धूल मिट्टी को लेकर गोहद नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर साफ सफाई की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने अपने पत्र के माध्यम से मुख नगरपालिका अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में गोहद थाने से लेकर गोहद चौराहा स्टेशन तक बनी सुन्दर फोरलेन रोड की दोनों साईड सफाई करावी जाने ब गोहद थाने से गोहद चौराहा स्टेशन तक बनी सुन्दर फोरलेन रोड पर कई महीनों से सफाई न होने से इस रोड़ पर काफी


कार्यालय
जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड

धूल मिड़ट्टी जमी हुई है जिससे रोड कि सुंदरता खत्म होती जा रही है और रोड के दोनों तरफ पर मिड़ट्टी एकत्रित होने के कारण रोड की दोनों तरफ से चौड़ाई कम होती जा रही है एवं इस रोड़ पर बड़े वाहन जैसे ट्रक, इम्फर, बस, कार, आदि वाहन निकलते है जिससे दिनभर रोड पर धूल उड़ती रहती है रोड़ के बगल से बने मकानों में रहने वाले लोगों को एवं आम जन को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है गोहद नगर पालिका द्वारा लगभग 2 वर्ष पहले फोरलेन की सफाई के लिए सफाई स्पेलर लगभग 5 लाख रुपए का खरीदा था उसका नगर पालिका द्वारा आज तक रोड की सफाई में कोई उपयोग नहीं किया गया है नगर पालिका के पास पर्याप्त सफाई कर्मी होने के बावजूद भी इस रोड की प्रतिदिन सफाई नहीं कराई जाती है जिससे इस रोड कि सुंदरता खत्म होती जा रही है इसके साथ ही परिहार ने बताया कि अगर इस रोड की प्रतिदिन सफाई व्यवस्था संचालित हो साथ ही जल्द इस रोड की सफाई नहीं करायी गयी तो उड़ने वाली धूल एवं प्रदूषण से होने वाली बीमारिया जैसे खाँसी, साँस लेने तकलीफ, आँखों में जलन होना एवं अस्थमा आदि बीमारी फैलने की अधिक आशंका है इस रोड पर प्रतिदिन हजारों लोग निकलते है यह काफी गंभीर समस्या है

# श्री नरसिंह भगवान मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव पांच दिवसीय कार्यक्रम 18 फरवरी से प्रारंभ

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**पाली।** मारवाड़ जंक्शन तहसील के में ग्राम नरसिंहपुरा में नवनिर्मित शिखरबद्ध श्री नरसिंह भगवान मन्दिर की पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव दिनांक 18 फरवरी रविवार को आरम्भ होगा। भंवरलाल भायल ने बताया कि 18 फरवरी रविवार को प्रात˜ बजे से श्री गणेशजी पूजन, मण्डप प्रवेश, जाजम स्थापना विधि-विधान पूर्वक कि जाएगी। पंडाल में दोपहर को प्रसादी व रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें भजन गायक शैतान सिंह राजपुरोहित, गंजुन म्यूजिकल ग्रूप, गायक राजू मारवाड़ी,सांवरी बाई एण्ड प्राटी की ओर से भजनों की प्रसतुति देगे। भजन संध्या कार्यक्रम में चढावों की बोलियां बोली जाएगी। द्वितीय दिवश सोमवार को प्रात˜ 9 बजे से कलश यात्रा, शोभा यात्रा,मुर्ति भ्रमण एवं हवन पूजन प्रारम्भ होगा। संस्था के कोषाध्यक्ष डायाराम भायल ने जानकारी देते हुए कहा कि रात्रि भजन संध्या मैं भजन गायक गजेंद्रराव एण्ड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुति एवं बोलियां का क्रम सुचारू रूप से जारी रहेगा। तीसरे दिवस मंगलवार को प्रात˜ हवन तथा दोपहर को प्रसादि एवं शाम को भजन संध्या में गायक श्याम पालीवाल एण्ड पार्टी की ओर से भजनों की प्रसतुति तथा बोलियां बोली जाएगी। चतुर्थ दिवस प्रात˜ हवन पूजन रात्रि भजन संध्या में विशेष भजन गायक नीता नायक लकी इठाधारी दिल्ली द्वारा झांकिया प्रस्तुत कि जाएगी। संस्था के अध्यक्ष दुर्गाराम भायल ने बताया कि महोत्सव के तहत पांचवे दिवस गुरूवार को अभिजीत वेला में प्राण-प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना, कलश ध्वज स्थापना, पूर्णाहुति, महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। संपूर्ण कार्यक्रम विधि-विधान पूर्वक पंडित मीठालाल व्यास मारवाड जंक्शन, मन्दिर पुजारी जगदीश वैष्णव के सानिध्य हो सपन्न किए जाएगे। संस्था के सचिव चन्दाराम भायल ने बताया कि शुक्रवार को प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शुभ मुहूर्त मै आज हवन कुण्ड एवं भट्टी का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संत महातमाओं तथा बड़ी संख्या में अतिथिगण उपस्थित रहेगे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद के अध्यक्ष आशीष गुर्जर जी के द्वारा एमएसपी को लेकर दिल्ली घेरो आंदोलन के समर्थन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद ˜गोहद में अटल चौक गोलंबर तिराहा से रैली निकाल कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक केशव देशाई के साथ गोहद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा किसानों द्वारा चलाए जा रहे स्वस्क को लेकर दिल्ली घेरो आन्दोलन के समर्थन में यह ज्ञापन दिया गया।जिसमें प्रमुख रुप से गोहद विधायक केशव देसाई, ब्लॉक कांग्रेस गोहद के अध्यक्ष आशीष गुर्जर,कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर,मुन्नी भटेले, लालबहादुर जादौन, सरदार हरजिंदर सिंह जिन्दा,गरदीप सिंह, इंदर भाटी,मोहन सिकरवार,अमरसिंह जाटव, करू गुर्जर, कैलाश माहौर,रमजानी खान, गिर्राज गुर्जर,महेश कौशल,कैलाश जाटव,उमाशंकर शर्मा,पिंकी उच्चाडिया, दीपक श्रीवास्तव, बालकिशन माहौर,सतीष गुर्जर,कमलेश गुर्जर, आकाश शर्मा, राघवेन्द्र राजौरिया,पवन भटनागर,अवधेश शुक्ला, राजेंद्र परिहार, बल्लू खान,फिरोज स्या,अजीत शर्मा,साकिर अली खान,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

# राठौर समाज का महाकुंभ17मार्च को




**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद ,समाज को एकता के सूत्र में पिरोने एव समाज के लोगो पर होने वाले अन्याय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राठौर युवा संघर्ष मंच द्वारा 17मार्च फूलबाग मैदान पर महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम की सफलता के लिए मंच के सदस्य समाज मे अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए समाज के हर व्यक्ति की चौखट पर दस्तक देकर अलख जगायेंगे जिसके तहत राठौर युवा संघर्ष मंच 20फरवरी से जनजागृति के लिए संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है संकल्प यात्रा में बहनों से राष्टवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुरु होकर गोहद ,मेहगांव, लहार भिण्ड गोरमी पोरस अम्बाह मुरैना जोरा कैलारस, सबलगढ़ ,बीरपुर ,आदि गांव में समाज बंधुओं से मुलाकात कर महाकुंभ में उपस्थित होने का आमंत्रण देगे उक्त जानकारी राठौर युवा संघर्ष मंच द्वारा होटल उमंग में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिया पत्रकार वार्ता में डॉ जय सिह राठौर,पंकज राठौर ,भूपेंद्र राठौर ,अवधेश राठौर ,राजू राठौर ,दिलीप राठौर ,सचिन राठौर अजय राठौर सन्तोष राठौर नीरू राठौर आदि उपस्थित थ

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ ,मुनि शुकदेव का हुआ जन्म



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद पौराणिक कथाओं के अनुसार शुकदेव मुनि वेदव्याजी के पुत्र थे. शुकदेव जी ने ही राजा परीक्षित को भागवत व देवताओं को महाभारत कथा सुनाई थी. मान्यता के अनुसार ये 12 वर्ष तक माता के गर्भ में छिपे रहे थे.हिंदू धर्म में श्रीमद्भागवत पढने व सुनने का विशेष महत्व है. पौराणिक कथाओं के अनुसार श्रृंगी ऋषि ने जब राजा परीक्षित को सात दिन में मृत्यु का श्राप दिया, तब शुकदेव मुनि ने मुक्ति के लिए उन्हें ये पुराण सुनाया था. पिता ऋषि वेदव्यास से ज्ञान पाकर देवताओं को महाभारत की कथा भी मुनि शुकदेव ने ही सुनाई थी. बहुत कम लोग ही ये जानते हैं कि मुनि शुकदेव एक शुक यानि तोता थे, जो भगवान शंकर के डर से 12 वर्ष तक मां के गर्भ में रहे थे

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ, आचार्य के मुखारविंद से मुनि शुकदेव के जन्म की की कथा सुनकर भक्ति मय हुआ नगर





**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद। नगर का प्रसिद्ध कालिका माता बसारा मंदिर पर आज शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा आयोजन शुरू हुआ। श्रीमद् भागवत कथा का भजन राजा भैया के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें आज कथा व्यास आचार्य पंडित संतोष शास्त्री वृंदावन धाम के मुखारविंद से भागवत कथा का शुभारंभ हुआ पहले दिन कथा व्यास आचार्य ने पौराणिक कथाओं के संबंध में विस्तार से बताया और उन्होंने सर्वप्रथम शुकदेव मुनि वेदव्याजी की कथा सुनाई जिसके अंतर्गत शुकदेव मुनि के वेदव्याजी पुत्र थे। शुकदेव जी ने ही राजा परीक्षित को भागवत व देवताओं को महाभारत कथा सुनाई थी. मान्यता के अनुसार ये 12 वर्ष तक माता के गर्भ में छिपे रहे। हिंदू धर्म में श्रीमद् भागवत पढने व सुनने का विशेष महत्व है. पौराणिक कथाओं के अनुसार श्रृंगी ऋषि ने जब राजा परीक्षित को सात दिन में मृत्यु का श्राप दिया। तब शुकदेव मुनि ने मुक्ति के लिए उन्हें ये पुराण सुनाया था। पिता ऋषि वेदव्यास से ज्ञान पाकर देवताओं को महाभारत की कथा भी मुनि शुकदेव ने ही सुनाई थी। बहुत कम लोग ही ये जानते हैं कि मुनि शुकदेव एक शुक यानि तोता थे। जो भगवान शंकर के डर से 12 वर्ष तक मां के गर्भ में रहे थे। श्रीमद् भागवत कथा के अंत में कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री जी के द्वारा श्रद्धालुओं को ज्ञानवर्धक एवं विभिन्न प्रकार की समस्याओं से कैसे निजात पाई जाए इसके संबंध में भक्त गणों को बताया। भागवत कथा सुनाने आए सभी भक्तगणों अंत में कालका माता की प्रशादी ग्रहण की। आज की कथा का अनंद हजारों हज़ारों भक्त गणों ने ग्रहण किया।

# आत्मा के प्रकाश में स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही जीवन प्रकाशित होते हैं।

प्रकाश एक प्रकार की ऊर्जा है जो हमारी आंखों को संवेदित करता है। प्रकाश स्रोत से निकलकर वस्तु पर पड़ता है तथा इनसे परावर्तित होकर आंखों को संवेदित कर वस्तु के होने का ज्ञान कराता है। प्रकाश की अनुपस्थिति में वस्तुएं होकर भी नहीं होती हैं। यह स्थूल जगत का वैज्ञानिक तथ्य है। हमारे सूक्ष्म शरीर में आत्मा प्रकाश बनकर ज्योतित होती है आत्मा का प्रकाश सदैव स्पंदन युक्त व शुद्ध होता है सूर्य के प्रकाश में हम स्थूल जगत को समझ पाते हैं परंतु आत्मा के प्रकाश में स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही जीवन प्रकाशित होते हैं। आत्मप्रकाश कितना विस्तारित हो सकता है यह निर्भर करता है कि आप की चेतना का स्तर क्या हैड़ चेतना का स्तर जितना



उच्च होता है आपकी दृष्टि उतनी ही प्रकाशित होती है और इस प्रकाश में साधक दैवीय स्पंदनों व अनुभवों का साक्षी बनता है। अनेक महापुरुषों के चित्र में प्रदर्शित प्रकाश वृत्त इसी चेतना का प्रतीक है। क्योंकि आत्मा व्यैक्तिक ना होकर ब्रह्मांड व्यापी है अतः उसकी चेतना का स्तर भी विश्वव्यापी होता है। और इस चेतना का प्राकट्य मात्र प्रेम के रूप में होता है। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रतिस्थापित सहज योग साधक के अंत में इसी चेतना की जागृति करता है इस संदर्भ में श्री माताजी ने वर्णित किया है कि,÷आप आत्मा हैं और आत्मा का प्रकाश आपको धीरे-धीरे सब कुछ बताएगा, जितना आप इसे सहन कर सकते हैं। यह आपको कुछ ऐसा नहीं बताएगा जिसे आप सहन नहीं कर सकते। यह एक बहुत अच्छी समरुप तुलना है, जब हम यह कहते हैं कि,÷आप एक प्रकाश हैं÷, लेकिन यह प्रकाश जो आपके पास है, वह इस मामूली प्रकाश से बहुत अलग है। साधारण प्रकाश समझता नहीं है। वह सोचता नहीं है। अब जो प्रकाश आपके पास है, यह वो प्रकाश है जो समझता है, सोचता है और यह आपको उतनी ही रोशनी देता है जितनी आप सहन कर सकते हैं। यह दमकेगा नहीं। अगर यह कौंधेगा, तो आप हक्ड़के बक्ड़के हो जाएंगे। यह धुंधला नहीं पड़ेगा। यह पूर्णतया उसी अनुपात में रहेगा जितना आप समझ सकते हैं।÷ (21 जुलाई 1993)आत्मा का यह प्रकाश भौतिक जगत की अस्थिरताओं, कठिनाईयों, दुविधाओं में आपका विवेकयुक्त मार्गदर्शन करता है तथा अक्षुण्ण आनंद प्रदान करता है।

# किसानों और मजदूरों ने भरी हुंकार कहा मजदूर किसानों पर दमन नहीं होगा बर्दाश्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर- आज 16 फरवरी का दिन देश के मजदूर किसान आंदोलन का एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में इतिहास में दर्ज हो गया। आज पहली बार मजदूर और किसानों ने एक मंच पर एक साथ मिलकर अपनी मांगों के लिए आंदोलन की शुरुआत की। किसानों ने जहां एक और ग्रामीण भारत बंद का आह्वान किया था वहीं श्रम संगठनों की ओर से औद्योगिक हड़ताल का नारा दिया गया था,ग्वालियर में इन हड़तालों का व्यापक असर देखने को मिला। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ग्रामीण भारत बंद में आज कई गांव से किसान अपना उत्पादन लेकर शहर या मंडियों में नहीं पहुंचे शहर के पास के सटे गांव गिरवाई, अजयपुर, वीरपुर आदि गांव के किसान जो मुख्य रूप से सब्जी और फूल उगाते हैं वह आज मंडी नहीं गए, इसी तरीके से दूध उत्पादक किसान भी आज अपना दूध लेकर नहीं आए, हड़ताल के लिए एक हड़ताली कैंप फूल बाग चौराहे पर बनाया गया था सुबह 11:00 बजे से ही किसानों और मजदूरों के जत्थे फूल बाग पर बनाये कैंप में पहुंचना शुरू हो गए थे 12:00 बजे तक हजारों की संख्या में मजदूर किसान एकत्रित हुए, वहां हुई सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि जब तक एसपी की गारंटी सुनिश्चित नहीं होती जब तक 26000 रुपए न्यूनतम वेतन की घोषित नहीं किया जाता, संविदा, ठेक, आउटसोर्सिंग प्रथा को समाप्त नहीं किया जाता किसानों की सब्सिडी नहीं बढ़ाई जाती, डीजल, खाद, बीज सहित उर्वरकों के दाम नहीं घटाए जाते तब तक आंदोलन जारी रहेगा बल्कि और तीव्र होगा

फूलबाग से दिल्ली के बॉर्डर पर पंजाब से आए हुए किसानों को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरीके से कटीले तार, कीले, लगा रखी है खंदक



खोद रखा है, ड्रोन से आंसू गैस की गोली छोड़ें जा रहे हैं, इसकी तीखी आलोचना करते हुए यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अगर किसानों पर दमन नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में मध्य प्रदेश और ग्वालियर के भी किसान अपने ट्रैक्टरों से दिल्ली पहुंचेंगे। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में तमाम गाँव के किसान जतथो के रूप में फूलबाग पहुँचते रहे। आंदोलन स्थल पर जनता की जोशीली भागीदारी ये संदेश दे रही थी कि मोदी सरकार की नीतियों से जनता खुश नही है बल्कि बदहाली को ही बढ़ावा मिला है। सभा को संबोधित करने वालों में मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव, सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी, इंटक से राजेंद्र नाती, पार्षद पी शर्मा, अशोक पाठक,रूपेश जैन, धर्मेंद्र कुशवाहा, रणवीर यादव, रामावतार दोहरे, प्रीति सिंह, जनवादी महिला समिति की प्रीति सिंह एटक के हरिशंकर माहौर,अशोक पाठक श्रीकृष्ण बघेल, रामकिशन सिंह कुशवाहा, भगवान सिंह गुर्जर भगवान दास सैनी, करतार सिंह बघेल, शत्रुघन यादव, कमलेश शर्मा, रचना अग्रवाल, पूरन सिंह राणा गुरदीप सिंह, आदि ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार अदानी और अंबानी के इसारे पर काम कर रही है सरकार की सभी नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक सभी नीतियां असफल साबित हुई है और मोदी सरकार सभी मोर्चे ऊंचे पर विफल रही है देश में जिस तरीके से बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई आसमान छू रही है, मजदूरों के पास काम नहीं है ऐसी हालत में केवल मीडिया और पैसे के दम पर मोदी सरकार अपने आप को सर्वश्रेष्ठ दिखाने की नाकाम कोशिश कर रही हैं लेकिन अब देश का मजदूर और किसान जाग गया है और निश्चित रूप से जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक नया आंदोलन खड़ा होगा, जिसकी शुरुआत आज 16 फरवरी से हो गई है

## हम अपने जीवन को विद्या से परिपूर्ण करें : चंद्रकांति
## हिमांशु ब्यूटी पार्लर एकेडमी चारामा में मनाई गई वसंत पंचमी

चारामा, कांकेर। हिमांशु ब्यूटी पार्लर अकेडमी में वसंत पंचमी पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत सरकार के प्रतिनिधि राजकुमार टंडन ने मां शारदा सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की संयोजिका प्रशिक्षिका चंद्रकांति नागे के मार्गदर्शन में आज मां शारदा बनी कन्या की पूजा अर्चना सभी 30 छात्राओं ने विधि विधान पूर्वक दीप आरती पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसी क्रम में आज ही के दिन शहीद हुए भारत के वीर सपूतों की रंगीन रंगोली सजाकर पूजा अर्चना की गई। तदुपरांत उन्हें याद करते हुए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एकेडमी की संचालिका चंद्रकांति नागे ने कहा कि माता सरस्वती विद्या की देवी हैं। उनके आशीर्वाद से हम अपना जीवन शिक्षा से



परिपूर्ण कर सकते हैं। सभी छात्राओं ने अपने माता-पिता को याद करते हुए अपनी गुरु मां चंद्रकांति नागे का पुष्पगुच्छ और तिलक बंधन से सम्मान किया। इस मौके पर कुछ साँस्कृतिक गीत भजन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अगले चरण में कुर्सी दौड़, जलेबी खाओ स्पर्धा आयोजित की गई आज ही के दिन हमारे गुरुवर परम पूज्य श्री राम शर्मा जी आचार्य शांतिकुंज हरिद्वार का आध्यात्मिक जन्मदिन भी रहा ।कोई भी कार्यक्रम आज के दिन शुभारंभ करने से फलीभूत होते देखा गया। उनकी भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका चंद्रकांति ने गुरु माता एवं राजकुमार टंडन का श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर दीपिका, जुर्री माहेश्वरी, अन्नू, अंजिका कांगे, आरती नेताम, भुनेश्वरी मंडावी, छाया, उमापति, दिव्या मंडावी, गंगा कुंजाम, गायत्री, गोटा ईरानी तारम, हेमा, ध्रुवा, किरण, नेताम करुणा कश्यप लक्ष्मी नेताम, नम्रता नेताम, प्रीति, ऋतु गोटा, सावित्री ध्रुव, विनीता कश्यप, भारती यामिनी, श्वेता गंगा कुंजाम काजोल भगवती आदि उपस्थित थे।

## शरत सुधाकर चंद्रायन ने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का किया पदभार ग्रहण



भिंड -भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1993 बैच के अधिकारी शरत सुधाकर चंद्रायन, ने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का पदभार दिनांक 14.02.2024 को ग्रहण कर लिया है। उन्होंने निवर्तमान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक शोभित भटनागर के डीएफसीसीआईएल में निदेशक (ओपी एवं बीडी) के रूप में स्थानांतरण के उपरांत यह पदभार ग्रहण किया है। उत्तर मध्य रेलवे में आने से पहले शरत चंद्रायन सीपीटीएम/मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत थे। दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद, शरत चंद्रायन भारतीय रेलवे में का हिस्सा बने। अपनी रेल सेवा के दौरान उन्होंने भारतीय रेलवे के कई अहम पदों पर काम किया है। श्री चंद्रायन ने सहायक परिचालन प्रबंधक, मंडल परिचालन प्रबंधक, डिप्टी सीओएम (गुड्स), सीनियर डीएसओ, सीनियर डीओएम, सीनियर डीसीएम सहित पश्चिम रेलवे में सीपीआरओ के दायित्वों का निर्वहन किया। इसके साथ ही इन्होंने मुख्य यातायात योजना प्रबंधक/मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद/दक्षिण मध्य रेलवे एवं मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/मध्य रेलवे के पदों पर भी कार्य किया है। इसके अलावा, उन्होंने समूह महाप्रबंधक/कॉनकॉर के रूप में भी काम किया है और कॉनकॉर एयर लिमिटेड के निदेशक एवं सीईओ के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं ।शरत सुधाकर चंद्रायन को पढ़ने, फोटोग्राफी और यात्रा में रुचि है। श्री शरत चंद्रायन ने बेल्जियम, चीन, सिंगापुर और मलेशिया में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्हें 2007 में रेल मंत्री से राष्ट्रीय पुरस्कार और दो बार महाप्रबंधक पुरस्कार भी मिला।

## सुमिरन ध्यान भजन नियमित रुप से करोगे तो ऊपरी लोकों की अग्र, झिलमिल, शिखा आदि सब ज्योतियां

**ऐसा दीप जलाओ, जो कभी बुझे ही नहीं -सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज**

परमानेंट ज्योति जलाने वाले, दुनिया वाले जिन चीजों को पाने के लिए तमाम प्रयास दिन-रात करते रहते हैं उनकी आटोमेटिक सप्लाई शुरू करवाने वाले, पुरानी साधनाएं जहाँ ड़त्म होती हैं उसके आगे से अध्यात्मिक यात्रा शुरू करवाने वाले, इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि अष्टांग योग, हठयोग, प्राणायाम, कुंडलियों का भेदन में इनकी (देवी-देवताओं की) परछाई दिख जाती है। मनुष्य शरीर में पाखाने के मुकाम गुदा चक्र पर इनका वास है। गणेश जी, इनकी पत्नी रिद्धि-सिद्धि भी वहीं पर उनकी सेवा करती रहती है। कई दल कमल पर यह बैठे हुए हैं। वहीं पर पूर्व दिशा में इंद्र और शची (इंद्रा की पत्नी) की भी परछाई पड़ती है, उनका भी दर्शन हो जाता है। वहीं पर उत्तर दिशा में कुबेर, दक्षिण दिशा में यमराज भी दिखाई पड़ जाते हैं। इन सब की परछाई अब भी मनुष्य के चक्र पर



पड़ती रहती है। उनका स्थान है तो ऊपर में लेकिन उनकी परछाई यहां पड़ती रहती है। तो इस तरह से लोग पूजा करते हैं। जो चक्र का भेदन करता है उसे उनको जानने और देखने का मौका मिलता है। लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती है जो सन्तमत में ज्यादा महत्व नहीं रखती है। आपकी जो साधना है, वह आंखों के नीचे की है ही नहीं, वो तो आंखों के ऊपर की है। आंखें मध्य पांखी चमके, पांखी मध्य द्वारा, ते द्वारे दूरबीन लगावे, उतरे भव जल पारा। यह जो दीपक चिराग जलाते हैं, यह जो ज्योति है, यह तो नीचे की है। उधर तो अग्र ज्योति, झिलमिल ज्योति, शिखा ज्योति उस तरफ तो ये ज्योतियां है। उस तरफ की ज्योति को जो देख लेता है कि सन्तों के घर रोज दिवाली। वहां हमेशा दीपक जलते रहते हैं। दीपक ही नहीं जलते बल्कि बहुत तरीके के रंग-बिरंगे प्रकाश भी होते रहते हैं। तो उस (साधक) को इसकी कोई जरूरत नहीं रह जाती है। समझो जैसे घर में दीपक जलाते जलाओगे तो थोड़ी ही दूर तक रोशनी रहेगी लेकिन अगर हैलोजन जला दो तो पूरा कमरा रोशनी से भर जाएगा। तो आंखों के ऊपर के लोक प्रकाशमय है। वहां तो रोशनी की कोई जरूरत ही नहीं है। नहीं कछु चाहिए दिया घृत बाती, दिया और बाती की कोई जरूरत ही नहीं है, परम प्रकाश रूप दिन राती। दिन और रात प्रकाश ही प्रकाश रहता है। यहां तो दिन में रोशनी और रात में अँधेरा लेकिन वहां रोशनी ही रोशनी रहती है, वहां रात का तो कोई नामो-निशान ही नहीं है। यह मैं कोई अपने मन की बात कह रहा हूंड़ नहीं, यह तो महात्माओं ने देखा तो लिख करके गए- बिना भूमि एक महल बना है, तामे ज्योति आपरी रे, अंधा देख-देख सुख पावे, बात बतावे सारी रे।

## जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर मनाई बसंत पंचमी

कैलारस बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस परिसर में मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी मनाई गई इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के बीआरसी अनिल त्रिवेदी, बीएससी नवीन प्रताप सिंह जादौन ,रमाकांत शर्मा, केशव शुक्ला, पत्रकार राधाकृष्ण सिंघल,श्रीनिवास बघेल ,जन शिक्षक महेश शुक्ला, बृजमोहन उपाध्याय, प्रमोद शर्मा, योगेश शर्मा, रविकांत शर्मा, विजय सिंघल रामावतार रजक उपस्थित रहे पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया



# पी.एम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने कृषकों ई-केवाईसी कराना अनिवार्य जिले में 21 फरवरी 2024 तक कृषि विभाग द्वारा विशेष शिविर का किया जा रहा आयोजन

मनेन्द्रगढ़// प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार से 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। जिसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा दिसंबर 2018 से की गई। इस योजना के तहत सभी किसान परिवारों को राशि 6000 रुपये प्रतिवर्ष सहायता प्रदान की जाती है। योजना के लिए परिवार की परिभाषा पति, पत्नी और नाबालिग बच्चे हैं। योजना अंतर्गत राशि 6000 रुपए तीन किस्तों में राशि 2000 रुपए सीधे लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दी जाती है।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 12 से 21 फरवरी 2024 तक 10 दिवसीय ग्राम स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्डों में किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से जिले में लंबित सभी ग्राम वार कृषकों की सूची ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, किसान मित्रों एवं ग्राहक सेवा केंद्र को प्रदाय कर दिया गया है एवं उनका ई-केवाईसी कराया जाना है। उन्होंने सभी कृषि जोतधारी किसानों से अनुरोध किया है कि जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाया है, वे सभी अपने नजदीकी ग्राम स्तरीय शिविर में आवश्यक दस्तावेजों जैसे- आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक एवं आधार लिंक मोबाईल नंबर के साथ उपस्थित होकर योजना अंतर्गत ई-केवाईसी करावा सकते है। साथ ही ऐसे पात्र किसान जिन्होंने योजना अंतर्गत अभी तक पंजीयन नहीं कराया है तथा योजना में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका आधार सीडिंग



एवं लैण्ड सिंडिंग नहीं कराने के कारण से योजना के लाभ से वंचित अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपना नवीन, एवं लैण्ड सिंडिंग पंजीयन करा सकते है। साथ ही ऐसे पात्र किसान जिन्होंने योजना अंतर्गत आधार सीडिंग नहीं कराने के कारण से लाभ से वंचित वे अपने आधार सीडिंग अपने बैंक शाखा से पूर्ण करवा सकते हैं।उपसंचालक कृषि लाल सिंह आर्मो ने जिलें में पी.एम. किसान के सभी हितग्राहियों को जिन्होंने ई-केवाईसी नहीं करवाया है या हितग्राही का आधार सीडींग, लैण्ड रिकार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, उन्हें कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते हुए जिले में ग्राम पंचायत स्तर में आयोजित शिविरों में जाकर अपना ई-केवाईसी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु अपील किया है। जिससे की संबंधित हितग्राहियों को पी.एम.किसान योजना अंतर्गत किश्त की राशि प्राप्त हो सके। जिले में 36014 कृषक परिवार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हैं, जिसमे 1411 किसानों का ई-केवाईसी शेष है। तथा आधार सीडिंग में 32012 कृषक पंजीकृत है, जिसमे 1005 आधार सीडिंग में शेष हैं। **योजना की अग्रिम किश्त के लाभ हेतु 05 कार्य जरूरी** -उपसंचालक कृषि श्री लाल सिंह आर्मो ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अग्रिम किश्त प्राप्त करने हेतु किसानों को आधार और बैंक अकाउंट सीडिंग, सही भूमि दस्तावेज अपलोड, लाभार्थी किसान द्वारा अपना सही नाम दर्ज कराना, ई-केवायसी व नया किसान लाभ लेने के लिये अधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478